Phone: 0551-6450130

Mahatma Gandhi Post Graduate College

Gorakhpur-273 001

e-mail: mgpg_gkp@rediffmail.com, Website: www.mgpgc.in

दिनाँक : 03.12.2022

प्रकाशनार्थ

आज दिनाँक 03.12.2022 को 12.00 बजे IQAC के तत्वाधान में कैरियर काउसिंलिग प्रोग्राम के अवसर पर महात्मा गाँधी पी0जी0 कालेज, गोरखपुर में गोष्ठी को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 सुधीर मिश्रा रहें जिन्होंने महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को काउसिंलिग प्रोग्राम के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मंकेश्वर नाथ पाण्डेंय ने किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर मंच पर आसीन सम्माननीय अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। तत्पश्चात् प्रबंधक महोदय, प्राचार्य , मुख्य अतिथि डा0 सुधीर मिश्रा, प्रो0 नमिता कुमार को बुके दे कर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रबन्धक महोदय ने बच्चों को कठिन परिश्रम, विनम्रता तथा सही आचरण को धारण करते हुए भविष्य में सही मुकाम पर पहुँचने पर प्रकाश डाला।

इसके बाद प्रो0 नमिता कुमार, डाइरेक्टर IQAC ने डॉ0 सुधीर मिश्रा का परिचय उपस्थित शिक्षकगण एवं छात्र/छात्राओं से कराया।

मुख्य वक्ता डॉ0 सुधीर मिश्रा, डाइरेक्टर, टाइम्स एजूकेशन ने सभी उपस्थित छात्र/छात्राओं को कैरियर काउंसिलिंग के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि आज के परिवेश में एकल दिशा होने के बजाय, बहुआयामी होना अतिआवश्यक है, इससे छात्र/छात्राओं को अपना कैरियर बनाने में कई दिशाओं में अवसर प्राप्त हो जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि समय का सही प्रबन्धन करके किसी भी विषय का कोई भी छात्र/छात्रा अपने उद्देश्य को आसानी से प्राप्त कर सकता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया तथा बच्चों को इंगित किया कि वे कठिन परिश्रम एवं समय प्रबन्धन के महत्व को समझते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े।

कार्यक्रम का संचालन संयोजक, कैरियर काउसिंलिग, डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अनिल कुमार सिंह, डाइरेक्टर IQAC प्रो0 नमिता कुमार, प्रो0 अवनीश, प्रो0 निखिल कुमार,डॉ0 संतोष कुमार त्रिपाठी,डॉ0 जीतेन्द्र कुमार, डॉ0 फणीन्द्र तिवारी, डॉ0 सुषमिता उपाध्याय, डॉ0 शक्ति सिंह, डॉ0 शशांक कुमार श्रीवास्तव,डॉ0 अरूण कुमार श्रीवास्तव एवं बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष व एम0एस–सी0 अन्तिम वर्ष की सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित रही।

5.12.22

प्रो0 (अनिल कुमार सिंह)
प्राचार्य